**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2481**
**13फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**ओडिशा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत योजना-वार व्यय**

**†2481. श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान ओडिशा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत योजना-वार आवंटन और व्यय किया है जिसमें प्रजनन, मातृ, नवजात शिशु और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच+ए), रोग नियंत्रण कार्यक्रम, स्वास्थ्य अवसंरचना और मानव संसाधन जैसे प्रमुख घटक शामिल हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या कंधमाल लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र विशेषकर जनजातीय और दूर-दराज के क्षेत्रों में एनएचएम निधियों का उपयोग किया गया है और यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान योजना-वार कितना व्यय किया गया है;
(ग) क्या राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यकलापों के परिणामस्वरूप ओडिशा में प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सार्वजनिक स्वास्थ्य परिचर्या को और सुदृढ़ करने के लिए कंधमाल सहित ओडिशा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए आगामी केन्द्रीय बजट में प्रावधान किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतावराव जाधव)**

(क) से (घ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए देश के सभी नागरिकों को बुनियादी स्वास्थ्य परिचर्या प्रदान करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार की है। सभी नागरिकों को समान, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण

मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) का कार्यान्वयन कर रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत, भारत सरकार जनजातीय और दूरस्थ क्षेत्रों सहित राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को स्वास्थ्य अवसंरचना में सुधार, स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों के लिए पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता, और विशेष रूप से अल्पसेवित और वंचित समूहों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परिचर्या की उपलब्धता और पहुंच में सुधार के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

व्यय विभाग के दिनांक 23.12.2021 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 से सभी पूल और कार्यक्रमों को "आरसीएच और स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम और शहरी स्वास्थ्य मिशन के लिए लचीला पूल" के अंतर्गत विलय कर दिया गया है। एनएचएम के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को फ्लेक्सिबल पूल के तहत एकमुश्त आधार पर निधियां जारी की जाती है ताकि राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी आवश्यकता और प्राथमिकताओं के अनुसार निधियों का उपयोग करने में अधिक लचीलापन मिल सके। राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्रस्ताव राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त होते हैं और भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही अभिलेख (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों को मंजूरी देती है।
एनएचएम के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक ओडिशा राज्य के लिए केंद्र द्वारा जारी की गई धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

**(करोड़ रुपये में)**

| **वित्तीय वर्ष** | **केंद्रीय तौर पर जारी धनराशि** |
|---|---|
| 2022-23 | 1,284.69 |
| 2023-24 | 1,901.77 |
| 2024-25 | 1,916.79 |

नोट:

1) उपरोक्त जारी धनराशि केंद्र सरकार के अनुदानों से संबंधित हैं और इनमें राज्य का अंशदान शामिल नहीं है।

इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए, ओडिशा सहित सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के लिए एनएचएम के तहत 39,390.00 करोड़ रुपये और प्रधानमंत्री-अभिम के अंतर्गत 4,200.00 करोड़ रुपये का

बजट प्रावधान किया गया है।

ओडिशा राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए कंधमाल जिले में एनएचएम के तहत योजना-वार व्यय का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों की स्थिति निम्नानुसार है:

- **राज्य में संस्थागत प्रसवों का प्रतिशत भी वर्ष** 2005-06 **में** 35.6% **से बढ़कर वर्ष** 2019-21 **में** 92.2% **हो गया है, जो राष्ट्रीय औसत** 88.6% **से बेहतर है। (स्रोत: एनएफएचएस)**
- ओडिशा राज्य में शिशु मृत्यु दर में 45 अंकों की गिरावट दर्ज की गई है, जो **वर्ष** 2005 में 75 से घटकर **वर्ष** 2023 में 30 हो गई है। (स्रोत: एसआरएस)
- **ओडिशा में मातृ मृत्यु दर वर्ष** 2007-09 **में** 258 **से घटकर वर्ष** 2021-23 **में** 153 **हो गई है। (स्रोत: एसआरएस)**

अनुलग्नक

वित्तीय वर्ष **2022-23, 2023-24** और **2024-25** के लिए कंधमाल जिले में एनएचएम के तहत योजना-वार व्यय

(लाख रुपये में)

| **क्र.सं.** | **एनएचएम के अंतर्गत पूल** | **योजना** | **व्यय** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
| 1 | आरसीएच (आरआई, आईपीपीआई, एनआईडीडीसीपी सहित) | प्रजनन संबंधी बाल स्वास्थ्य-II (आरएमएनसीएच+ए) | 806.64 | 776.91 | 700.66 |
| 2 | | नियमित टीकाकरण (आरआई) | 75.33 | 74.72 | 59.40 |
| 3 | | नाड़ी पोलियो अभियान | 0.81 | 4.45 | 1.06 |
| 4 | | राष्ट्रीय आयोडीन अपक्षय विकार नियंत्रण कार्यक्रम (एनआईडीडीसीपी) | 0.74 | 0.27 | 1.69 |
| 5 | राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनडीसीपी) | एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) का कार्यान्वयन | 6.16 | 7.80 | 1.49 |
| 6 | | राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) | 100.89 | 129.21 | 79.36 |
| 7 | | राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनएलईपी) | 15.71 | 7.01 | 5.91 |
| 8 | | राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) | 91.13 | 91.27 | 122.92 |
| 9 | | राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीएचसीपी) | 2.55 | 2.84 | 1.32 |
| 10 | | राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम (एनआरसीपी) का कार्यान्वयन | 2.47 | 1.15 | 0.60 |
| 11 | | लेप्टोस्पाइरोसिस की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (पीपीसीएल) का कार्यान्वयन | 0.38 | 0.42 | - |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | | राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं दृष्टिबाधा नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीबी+वीआई) | 30.55 | 28.85 | 8.04 |
| 13 | | राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) | 13.56 | 13.55 | 3.95 |
| 14 | | राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम (एनपीएचसीई) | 22.24 | 4.52 | 24.11 |
| 15 | | राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) | 9.64 | 14.26 | 9.44 |
| 16 | | राष्ट्रीय मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस) | 45.06 | 52.60 | 15.41 |
| 17 | गैर-संक्रामक रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनसीडी) | प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (पीएमएनडीपी) | 35.49 | 45.71 | 35.62 |
| 18 | | जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) का कार्यान्वयन | 1.41 | 0.89 | 0.22 |
| 19 | | राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनओएचपी) | 4.06 | 3.93 | 1.14 |
| 20 | | राष्ट्रीय प्रशामक परिचर्या कार्यक्रम (एनपीपीसी) का कार्यान्वयन | 15.52 | 0.90 | 1.17 |
| 21 | | फ्लोरोसिस की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीपीसीएफ) का कार्यान्वयन | | - | - |
| 22 | | राष्ट्रीय बधिरता निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीपीसीडी) | 2.60 | 2.54 | 0.15 |
| 23 | | राष्ट्रीय दग्ध चोट रोकथाम एवं प्रबंधन कार्यक्रम | | - | - |
| 24 | स्वास्थ्य प्रणाली का सुदृढ़ीकरण (एचएसएस) - शहरी | राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन | 63.35 | 60.06 | 36.73 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | स्वास्थ्य प्रणाली का सुदृढ़ीकरण (एचएसएस) - ग्रामीण | स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाना | 4,024.95 | 5,328.69 | 4,480.99 |
| **कुल** | | | **5,371.25** | **6,652.58** | **5,591.37** |

*****